1 APRIL- CORIYA -BHOOMI-PG-1_Layout 1 4/1/2024 8:40 PM Page 1


तापमान

अधिकतम 36 डिग्री

न्यूनतम 20 डिग्री

हरिभूमि

# कोरिया भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 2 अप्रैल 2024

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]


4 कोरिया साहित्य कला मंच की नई कार्यकारिणी का विस्तार



## खबर संक्षेप

### गर्मी बढ़ने के कारण स्कूल समय में परिवर्तन

**एमसीबी।** छग शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार एवं जिले में पड़ रहे अत्यधिक गर्मी के कारण छात्रहित का ध्यान रखते हुए 2 अप्रैल से जिले के समस्त शालाओं शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त शालाओं के संचालन के लिए समय निर्धारित किया गया है। दो पाली में संचालित होने वाली शालाएं प्रथम पाली सोमवार से शनिवार प्रातः 7:30 से 11 बजे तक, दो पाली में संचालित होने वाली शालाएं द्वितीय पाली सोमवार से शनिवार अपरान्ह 11:30 से 4:30 बजे तक तथा एक पाली में संचालित होने वाली शालाएं सोमवार से शनिवार प्रातः 7:30 से 11:30 तक संचालित होगी।

### 28 वर्षों से फरार लूट का वारंटी गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** सरगुजा पुलिस द्वारा वारंटियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने लूट के मामले में 28 वर्षों से फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को पंडरापाठ के ग्राम साम्भर भडिया के दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र में घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार जशपुर जिले के बगीचा सांभर भडिया निवासी 40 वर्षीय विमल उर्फ बंडा कोरवा आ. लोहरा राम कोरवा पर वर्ष 1997 में 457, 394 के तहत लूट का अपराध दर्ज किया गया था। आरोपी के खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी किया गया था जिसके बाद पुलिस टीम आरोपी की तलाश कर रही थी। इस दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र चौकी पण्डरापाठ में घेराबंदी कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। वहीं माह मार्च में कुल 361 गिरफ्तारी वारण्ट एवं 88 स्थायी वारंट तामील कराए गए है। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक शत्रुधन सिंह, आरक्षक रूपेश महंत, आरक्षक उमाशंकर साहू सक्रिय रहे।

### मवेशियों से भरा पिकअप छोड़कर तस्कर फरार

**अंबिकापुर।** ग्रामीणों के डर से तस्कर मवेशियों से भरा पिकअप वाहन छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से 15 नग गाय, बैल को बरामद करने के साथ ही पिकअप चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है इसके साथ ही पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बलरामपुर जिले के कुसमी पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 मार्च की सुबह ग्राम सिविलदाग निवासी संतोष बुनकर के घर के सामने एक सोल्ड पिकअप वाहन खड़ा था। संदिग्ध रूप से खड़े पिकअप की जब ग्रामीण ने तलाशी ली तो उसने मवेशी भरे हुए थे। ऐसे में उसने इस बात की जानकारी गांव के सरपंच देवसाय भगत को दी जिसके बाद सूचना पर पुलिस टीम भी मौके पर पहुंची थी। पुलिस ने सोल्ड पिकअप वाहन से 15 नग गाय व बैल बरामद किया है।

### आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरित करने वाला गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** युवती को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने के मामले में पुलिस ने युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने मृतिका को शादी का झांसा देकर उसके साथ प्रेम संबंध बनाए हुए था और जब युवती ने शादी की बात की तो आरोपी ने उससे झगड़ा कर भगा दिया था जिसके बाद युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मिली जानकारी के अनुसार चंदेश्वरपुर निवासी 19 वर्षीय दिनेश सिंह पुसाम का युवती से चार वर्षों से प्रेम संबंध था। इस दौरान उसने युवती को शादी करने का वादा किया था लेकिन बाद में वह शादी से मुकर गया। 19 फरवरी की रात युवती आरोपी दिनेश सिंह के घर पहुंची थी और शादी करने की बात कही तो आरोपी ने शादी करने से इनकार कर दिया। वहीं अगली सुबह 20 फरवरी को युवती की लाश कटहल पेड़ पर फांसी से लटकी मिली थी। युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में जांच कर आरोपी युवक को धारा 306 के तहत गिरफ्तार कर लिया।

### मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत हुए थे निर्माण कार्य

# लाखों के मरम्मत कार्य सालभर भी नहीं टिके


हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत कोरिया एवं एमसीबी जिले में जमकर गोलमाल होने की शिकायते हैं। गुणवत्तायुक्त कार्य कराने के निर्देश के बावजूद निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा गया।

■ एमसीबी जिले के गरुडोल का मामला

प्राप्त जानकारी के अनुसार एमसीबी जिले के वनांचल ग्राम गरूडोल में स्थित पूर्व माध्यमिक शाला में स्कूल जतन योजना के तहत मरम्मत कार्य के लिए 3 लाख 48 हजार की स्वीकृति मिली थी, जिससे मरम्मत के कार्य कराए गए, लेकिन चार माह में ही मरम्मत कार्यो की पोल खुल गई, इससे पता चलता है कि एमसीबी जिले में स्कूल मरम्मत कार्य में भारी गोलमाल हुआ है। जानकारी के अनुसार शिक्षकों ने भी गुणवत्ताहीन कार्य कराए जाने को लेकर कलेक्टर को शिकायत की थी, लेकिन शिकायतों के बाद भी किसी तरह की कोई जांच व कार्रवाई अब तक नहीं की गई। मिली जानकारी के अनुसार पूर्व माध्यमिक शाला गरूडोल में भवन के छत का डामरीकरण किया गया था जो आंधी तूफान में छत का डामरीकरण उड़कर मैदान में आ गया। जिससे कि बच्चों को बरसात के समय में भवन के रिसाव के बीच में बैठकर अध्ययन करने की मजबूरी होगी। शिकायतों के अनुसार यह कोई एक स्कूल का मामला नहीं है, जहां पर गुणवत्ताविहीन कार्य कराया गया है, ऐसे अनेक स्कूल जिले में है, जहां पर मरम्मत कार्य मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के तहत कराया गया है जो गुणवत्ताविहीन है। यदि विभिन्न स्कूलों के मरम्मत कार्यो की जांच निष्पक्षता के साथ कराई जाए तो बड़ा गोलमाल उजागर हो सकता है।





निर्माण कार्य का अधूरा जानकारी।


कुछ दिन में मरम्मत का कार्य उखड़ा।

### सूचना पटल में अधूरी जानकारी

एमसीबी जिले के पूर्व माध्यमिक शाला गरूडोल में मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत मरम्मत कार्य को लेकर सूचना पटल दर्शित किया गया है, लेकिन उसमें आधी-अधूरी जानकारी ही अंकित है। जानकारी के अनुसार सूचना पटल में कार्य प्रारंभ करने की तिथि नहीं है और न ही कार्य पूर्णता की ही तिथि अंकित की गई है। वहीं कई विद्यालय तो ऐसे भी हैं, जहां मरम्मत कार्य उक्त योजना के तहत स्वीकृत की गई है, वहां पर सूचना पटल भी नहीं लगाया गया और काम पूरा कर लिया गया।

### अधिकारी नहीं करते निरीक्षण-

मुख्यमंत्री जतन योजना के तहत कोरिया-एमसीबी जिले में करोड़ों रूपए की स्वीकृति पिछले वित्तीय वर्ष में मिली थी, जिसके तहत विभिन्न मरम्मत योग्य स्कूलों में विभिन्न तरह के मरम्मत कार्य कराए गए थे, निर्माण कार्यो को देखने के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों के पास समय ही नहीं रहता, जिसके कारण निरीक्षण नहीं करते थे, इसका फायदा उठाकर ठेकेदार मनमानी पूर्वक मरम्मत कार्य कराते गए। स्कूलों में मरम्मत कार्य के लिए निर्माण एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बैकुंठपुर को बनाया गया था।


लगाए जा रहे सीमेंट के पोल।

# जंगल को सुरक्षित रखने होगी तारबंदी

**बैकुण्ठपुर।** बैकुंठपुर से सोनहत मार्ग पर स्थित घाटी क्षेत्र के जंगलों को सुरक्षित रखने के लिए वन विभाग द्वारा सड़क किनारे तारबंदी करने की तैयारी में है, इसके लिए सीमेंट के पोल गाडे जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार वन विभाग द्वारा सोनहत मार्ग पर स्थित घाटी क्षेत्र के जंगलों को सुरक्षित करने के लिए तारबंदी करने की तैयारी में है, इसके लिए सड़क किनारे पोल लगाया गया। इसके लिए घाटी के शुरूआत यू टर्न के पास से सड़क किनारे पोल लगाए जा रहे हैं, जो लंबी दूरी तक सड़क किनारे वनों को सुरक्षित करने के लिए पोल लगाने का कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। लगाए गए पोल में कांटेदार तार की घेराबंदी कर दी जाएगी, जिससे कि वनों को सुरक्षित किया जा सके। वनों की सुरक्षा के लिए तलहटी क्षेत्र को भी सुरक्षित करने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि शिवघाटी क्षेत्र में आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं सुबह होने के साथ ही घाटी के जंगलों में पहुंच कर छोटे साल पेड़ों को काटकर ले जाते हैं, इससे वनों को नुकसान पहुंचता है। शादी विवाह के सीजन में मड़वा गाड़ने के लिए भी बड़ी मात्रा में घाटी क्षेत्र से वनों की कटाई की जाती है।

# नेता प्रतिपक्ष महंत बोले सभी एकजुट होकर करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोमनहिल

चुनावी गतिविधि की समीक्षा और आपसी विरोध को खत्म कर सभी को एक मंच पर लाने के उद्देश्य से कांग्रेस जिलाध्यक्ष एमसीबी अशोक श्रीवास्तव के घर नेता प्रतिपक्ष विधानसभा डॉ. चरण दास महंत, तीनों पूर्व विधायक और महापौर श्रीमती कंचन जायसवाल सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में बैठक की गई।

बैठक में विधानसभा में हार का कारण जानने के साथ ही होने जा रहे लोकसभा चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत की जीत की बढ़त को किस प्रकार बनाया रखा जाए, इसकी जिम्मेदारी तीनों पूर्व विधायक सहित अन्य नेताओं को सौंपा गया। जिलाध्यक्ष श्री श्रीवास्तव ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता के अथक प्रयास के बाद भी हम कुछ गलतियों के कारण विधान सभा चुनाव जीत नहीं सके, जिसका हम सबको अफसोस है, लेकिन आगामी चुनाव में हम सब अपनी गलतियों से सबक लेते हुए पूरे दमखम के साथ अपने कार्यकर्ताओं को लेकर एक-एक मतदाताओं मिलकर कांग्रेस पार्टी की लाभकारी योजना को तबाएंगे और हर हाल में कोरबा लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना चरणदास को जीत दिलाएंगे।


चर्चा करते नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत।

### महिला क्रिकेट टीम का ट्रायल 5 को

**मनेन्द्रगढ़।** छग क्रिकेट संघ द्वारा वूमेंस क्रिकेट ट्रायल 2024 की तिथि निर्धारित कर दी गई है। यह ट्रायल 7 अप्रैल को महात्मा गांधी स्टेडियम अंबिकापुर में होना है। इसमें नार्थ जोन के तीन जिला जशपुर, सरगुजा व कोरिया का एक साथ ट्रायल होना है। वूमेन क्रिकेट ट्रायल में अंडर-15, अंडर-19, अंडर-23 व सीनियर ग्रुप शामिल है। जिला क्रिकेट संघ कोरिया द्वारा 5 अप्रैल की सुबह 7 बजे आत्मानंद ग्राउंड पर आयोजित होगा। जिस खिलाड़ी ने अपना रजिस्ट्रेशन नहीं करवाया है, वे अपना रजिस्ट्रेशन जल्द करा लें। इसके लिए खिलाड़ियों को आधार कार्ड, डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र, 6 साल की मार्कशीट, एक पासपोर्ट साइज फोटो जरूरी लाना होगा।

# हिन्द विद्यालय का परीक्षा परिणाम घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

हिन्द विद्यालय इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल चरचा में वार्षिक परीक्षा परिणाम पत्र घोषित किया गया। उत्कृष्ट छात्राओं को प्रमाण पत्र, मेडल, कलम एवं नर्सरी के छात्रों को पेंसिल देकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान स्कूल संस्था के डायरेक्टर निसार खान, प्राचार्य शशिभूषण राय ने मेडल पहना कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जानकारी के अनुसार हिन्द विद्यालय परिसर में सोमवार को 2023-24 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। इसके तहत उत्कृष्ट पढ़ाई में अच्छे नंबरों से पास कर टॉप 5 एवं टोप 10 में पहुंचे छात्रों को मेडल एवं मॉर्कसीट देकर सम्मानित किया। वहीं नर्सरी से लेकर 11 वीं तक के बच्चों को मेडल देकर नवाजा गया। इस दौरान स्कूल संस्था से श्रीमती निशा राय, श्रीमती शिल्पी सरकार, कौशर बानो, जयदेव पांडे, राजाराम देवांगन, मनोज पांडे, श्रीमती हीरा विश्वकर्मा, सफीक अहमद, निशांत आरा, संजय सिंह, मिंटू कुमार द्विवेदी, सफीक अहमद, दयानंद ठाकुर, किरण वर्मा, खुशबू यादव, मेघा तिवारी, श्रीमती रूपा विश्वकर्मा के सहज सरल परिणामों से बच्चों में काफी उत्साह एवं लगन पूर्वक एग्जाम देकर अच्छे नंबरों से पास हुए। ⏭ शेष पेज 4 पर


प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित होते उत्कृष्ट छात्र।

# विश्व क्षय दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

विश्व क्षय दिवस कलेक्टर एमसीबी डी राहुल वेंकट, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरिया डॉ.आशुतोष चक्रवर्ती के मार्गदर्शन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुरेश तिवारी के नेतृत्व में एवं जिला क्षय अधिकारी डॉ. विकास पोद्दार के निर्देश पर जिले के अधिकारी-कर्मचारियों ने विश्व क्षय दिवस जागरूकता कार्यक्रम किया गया।

सोमवार को जिले के समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में विश्व क्षय दिवस मनाया गया एवं आम जनमानस को क्षय जागरूक कर टीबी रोकथाम के लिए शपथ लिया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.सुरेश तिवारी बताया कि सेंट्रल टीबी डीविजन व राज्य टीबी सेल के गाईडलाइन अनुसार मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के 200 ग्राम पंचायतों में 78 ग्राम पंचायत टीबी मुक्त वेरिफाई किया गया, जो क्षय मुक्त एमसीबी जिले के लिए उपलब्धि है। एमसीबी जिले में टीबी टेस्ट में बढ़ोतरी की गई है, जिले के समस्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में टीबी की आधुनिक जांच के लिए निःशुल्क व्यवस्था है। समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में टूनॉट से संभावित क्षय मरीजों की जांच की जा रही है। जिला क्षय अधिकारी डॉ.विकास पोद्दार ने बताया कि जिले के समस्त स्वास्थ्य संस्था उप स्वास्थ्य केन्द्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र से टीबी के संभावित लक्षणों वाले मरीजों का खांखर जांच के लिए सैंपल लाने के लिए विशेष वाहक कुरियर बॉय को नियुक्त किया गया है,जो टेस्ट के लिए सैंपल को नजदीकी जांच केन्द्र में ले जाकर देते हैं, इससे जिले के मरीजों के जांच करने में आसानी हो रही है।

जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. पुष्पेन्द्र सोनी ने बताया कि समस्त मरीजों को न्यूट्रीशन (पोषण आहार हेतु) एनपीवाई के तहत 500 रूपए प्रतिमाह डीबीटी के माध्यम से मरीजों के बैंक खाते में दी जाती है, जिससे मरीजों को न्यूट्रीशन मिल सके। दो सप्ताह से ज्यादा खांसी, सायं के समय बुखार का आना, भूख न लगना, वजन का कम होना, बलगम के साथ खून आना क्षय/टीबी रोग के लक्षण हो सकते हैं। अतः ऐसे लक्षण आने पर नजदीकी स्वास्थ्य संस्था में संपर्क कर निःशुल्क जांच एवं उपचार कराएं। प्रभारी जिला कार्यक्रम समन्वयक ⏭ शेष पेज 4 पर




# मांगों को लेकर गौरक्षा वाहिनी के अध्यक्ष मिले कलेक्टर से

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

मृत गौवंशों के अंतिम संस्कार के लिए मिली जगह पर जिला अस्पताल का मेडिकल वेस्ट को असुरक्षित तरीके से फेंके जाने एवं उससे उत्पन्न समस्याओं को लेकर गौरक्षा वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग दुबे 1 अप्रैल को कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से मिलकर अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गौरक्षा वाहिनी के जिलाध्यक्ष अनुराग दुबे ने कलेक्टर श्री लंगेह को सौंपे ज्ञापन में बताया कि तलवापारा बैकुंठपुर स्थित एसएलआरएम कचरा डंपिंग सेंटर की स्थिति से अवगत कराया। साथ ही यही पर गौवंशों के अंतिम संस्कार के लिए जगह मिली है, उसके उपर ही जिला अस्पताल बैकुंठपुर का मेडिकल वेस्ट सफाई ठेकेदार द्वारा नियम विरूद्ध तरीके से कचरा डंप किया जा रहा है, साथ ही यही पर बैकुंठपुर शहर का भी कचरा डंप किया जाता है। खुले में कचरा होने के ⏭ शेष पेज 4 पर


कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते जिलाध्यक्ष।

### नशीले इंजेक्शन के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**अम्बिकापुर।** शहर में नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान ऑपरेशन विश्वास के तहत गांधीनगर पुलिस बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने ग्राहक का इन्तजार कर रहे तीन युवकों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से 535 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया है जिसकी कीमत लगभग साढ़े तरह हजार रुपए आंकी गई है। युवकों ने झारखंड से नशीली दवाएं लाकर खपाने की बात कबूल की है। अभियान के तहत गांधीनगर पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि महुआपारा चर्च के समीप गौरव पांडेय, राहुल साहू व अनुज केरकेट्टा भारी मात्रा में नशीला इंजेक्शन रखकर बिक्री के लिए ग्राहक का इन्तजार कर रहे है। सूचना के बाद टीआई अश्वनी सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर गौरव पांडेय, राहुल साहू व अनुज केरकेट्टा को हिरासत में लेकर उनकी तलाशी ली गई। इस दौरान पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से प्रतिबंधित नशीला इंजेक्शन 535 नग बरामद किया। जब्त इंजेक्शन की कीमत 13 हजार 399 रुपए आंकी गई है।

### 22 लाख की राशि उपचार के लिए हुई स्वीकृत

# दुष्कर्म पीड़िता को देखने अस्पताल पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़/डोमनहिल

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की संवेदनशील पहल के चलते एक 19 वर्षीय युवती की जान बच सकी। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के माध्यम से 22 लाख रूपए की राशि स्वीकृत कराई जा चुकी है। पीड़िता को देखने 1 अप्रैल की सुबह 10:30 बजे स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल स्वयं पचपेढ़ी नाका चौक स्थित निजी अस्पताल पहुंचे व पीड़िता का हाल जाना।

20 अक्टूबर 2023 को एक दिल दहला देने वाली घटना ग्राम गनपतपुर के ठिहाईपारा जंगल में हुई। युवती के प्रेमी ने ही उसके साथ धोखा किया और जंगल बुलाकर युवती के साथ दुष्कर्म किया। ⏭ शेष पेज 4 पर


अस्पताल में पीड़िता को देखने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल।

### आईओसीएल के एक अधिकारी ने की मदद

गंभीर हालत में घर में पड़ी युवती को उपचार के लिए रायपुर के किसी अच्छे अस्पताल में पहुंचाने के लिए आईओसीएल के एक स्थानीय अधिकारी ने पहल की। स्थानीय जिला प्रशासन की सक्रियता के बाद गंभीर हालत में युवती को रायपुर लाया गया। इस दौरान युवती ऑक्सीजन पर थी और उसका हीमोग्लोबिन 2 ग्राम पहुंच चुका था, उसके पूरे शरीर में संक्रमण फैल चुका था। उसके बचने की आस समाप्त हो गई थी। 22 फरवरी 2024 को कई घंटों के अथक प्रयासों के बाद भी युवती किसी भी शासकीय अस्पताल में भर्ती नहीं हो पाई, इसके बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए पचपेढ़ी नाका के आगे एक निजी बर्न युनिट में भर्ती करा दिया गया।

# सेवानिवृत्त तिथि के दिन ही सभी स्वत्वों का भुगतान


सेवानिवृत्त कर्मी को भुगतान संबंधी प्रमाण पत्र सौंपते कलेक्टर डी.वेंकट।

**एमसीबी।** कलेक्टर डी.वेंकट के निर्देशानुसार एवं जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा के अभिनव पहल पर विकासखंड खड़गवां की दो शिक्षिकाएं श्रीमती रेणु गल्होत्रा प्रधान पाठक शासकीय माध्यमिक शाला छोटेकलुआ एवं श्रीमती प्रसन्न कुमारी केरकेट्टा उच्च श्रेणी शिक्षक शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गेल्हापानी 31 मार्च को अर्द्धवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने के फल स्वरूप पेंशन अदायगी आदेश एवं सेवानिवृत्त से संबंधित समस्त स्वत्वों का भुगतान सेवानिवृत्ति तिथि को कलेक्टर ने प्रदान करते हुए उनकी उज्जवल भविष्य की कामना की। ⏭ शेष पेज 4 पर

1 APR-Jash-RAGH-CORIY-SARGUJA-Bhoomi pg-2_Layout 1 4/1/2024 8:24 PM Page 1



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## टाइटैनिक' में हीरोइन की जान बचाने वाला लकड़ी का टुकड़ा हुआ नीलाम



हॉलीवुड के इतिहास के कई सबसे मशहूर प्रॉप्स की पिछले हफ्ते नीलामी की गई, जिनमें द शाइनिंग का ऐक्स, फॉरेस्ट गंप की चॉकलेट का संग्रह और इंडियाना जोन्स का भरोसेमंद व्हिप शामिल हैं। इन खजानों में से सिनेमा का सबसे चर्चित प्रॉप्स पांच करोड़ रुपये यानी 718,750 डॉलर से अधिक में बेचा गया है। यह कुछ और नहीं बल्कि, लकड़ी का तैरता हुआ टुकड़ा था, जिसने 'टाइटैनिक' के 'रोज' को जीवित रखा, लेकिन जैक डॉसन को डूबने से नहीं रोक सका। रिपोर्ट्स के अनुसार, यह बिक्री प्लैनेट हॉलीवुड रेस्तरां और रिजॉर्ट समूह द्वारा आयोजित प्रोप और कॉस्ट्यूम नीलामी के दौरान हुई थी। नीलामीकर्ताओं हेरिटेज ऑक्शन के अनुसार इस प्रोप यानी लकड़ी के दरवाजे को मलबे के एक पूरे टुकड़े से बनाया गया था, जो 1912 की आपदा से बरामद किया गया था। 'टाइटैनिक' के एक दृश्य में इस्तेमाल किए गए इस लकड़ी के टुकड़े को नीलामी में 718,750 डॉलर यानी 5,99,25,637 रुपये में बेचा गया है। टाइटैनिक की रिलीज के बाद से प्रशंसकों को आश्चर्य हो रहा है कि क्या जैक अपनी प्रेमिका रोज के साथ खुद को भी सुरक्षित रखने के लिए उस लकड़ी के दरवाजे पर फिट नहीं हो सकता था। 'टाइटैनिक' के इस दृश्य में लियोनार्डो डि कैप्रियो द्वारा निभाए गए किरदार 'जैक' को दिखाया गया था, जो खुद बर्फीले पानी में रहता है, लेकिन रोज को बचाने के लिए उसे लकड़ी के उस दरवाजे पर चिपके रहने की सलाह देता है और खुद दम तोड़ देता है। फिल्म का अंत लोगों को भावुक कर देता है। जिसके बाद से दर्शकों ने रोज को स्वार्थी करार दिया। टाइटैनिक के निर्देशक जेम्स कैमरून ने एक बार खुलासा किया कि उन्हें हर दिन सैकड़ों पत्र मिलते हैं, जिनमें रोज को स्वार्थी और जैक को बेवकूफ करार दिया जाता है, लेकिन उन्होंने यह कहकर चर्चा खत्म कर दी कि स्क्रिप्ट का पालन करने के लिए जैक को मरना होगा। उन्होंने कहा कि हो सकता है कि हमने गड़बड़ कर दी हो और बोर्ड थोड़ा छोटा होना चाहिए था, लेकिन कहानी में जैक को मरना ही था।

### टॉलीवुड


## विश्वक की आगामी फिल्म का फर्स्ट लुक हुआ जारी



तेलुगु अभिनेता और निर्देशक विश्वक सेन इन दिनों अपनी हालिया रिलीज 'गामी' को लेकर चर्चा में है। वहीं, विश्वक आज अपना 29वां जन्मदिन भी मना रहे हैं। अपने जन्मदिन के मौके पर अभिनेता ने फैंस को खास तोहफा दिया है। जन्मदिन के मौके पर विश्वक के अगली फिल्म के टाइटल और फर्स्ट लुक से पर्दा उठा दिया गया है। फिल्म के फर्स्ट लुक में विश्वक एंग्री यंग मैन अवतार में नजर आ रहे हैं, जिसके बाद से दर्शकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। विश्वक के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने अभिनेता के 10वें फिल्म की घोषण की। विश्वक की आगामी फिल्म का 'मैकेनिक रॉकी' रखा गया है। वहीं फिल्म के फर्स्ट लुक में विश्वक का लुक बेहद धांसू नजर आ रहा है। हाथ में रिंच लिए हुए विश्वक पोस्टर में सिगरेट पीते हुए नजर आ रहे हैं। हल्की दाढ़ी के साथ विश्वक का शरारती अंदाज बेहद शानदार नजर आ रहा है। गौरतलब है कि विश्वक की यह फिल्म एक एक्शन कॉमेडी होगी, जिसमें खूबसूरत अभिनेत्री मीनाक्षी चौधरी उनके अपोजिट नजर आएंगी। फिल्म का निर्माण एसआरटी एंटरटेनमेंट बैनर तले किया जा रहा है, जिसे रवि तेजा मुल्लापुडी निर्देशित कर रहे हैं। फिल्म का म्यूजिक जेक्स बेजॉय तैयार कर रहे हैं। वहीं, सिनेमैटोग्राफर मनोज कटासानी करेंगे। फिल्म की रिलीज और अन्य जानकारी अभी प्रतीक्षा में है।

### भोजपुरी

## 'ममता की छांव में' झकझोर देगी दर्शकों को, अरविंद का धमाका



भोजपुरी स्टार अरविंद अकेला कल्लू की फिल्में खूब पसंद की जाती हैं। एक बार फिर से एक्टर एक जबरदस्त फिल्म लाने की तैयारी कर रहे हैं। भोजपुरी फिल्म 'ममता की छांव में' की शूटिंग आजमगढ़ में जोर-जोर से चल रही है। इसे दिग्गज डायरेक्टर जल्द लेकर आ रहे हैं। सुर म्यूजिक प्राइवेट लिमिटेड के बैनर से बन रही भोजपुरी फिल्म 'ममता की छांव में' की शूटिंग इन दिनों जोर शोर से उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जनपद में चल रही है। इस फिल्म में युवा दिलों की धड़कन और सुपरस्टार अरविंद अकेला कल्लू लीड रोल में नजर आ रहे हैं, वहीं उनके अपोजिट पूजा गांगुली और आस्था सिंह फीमेल लीड में हैं। इस फिल्म के निर्देशक लालबाबू पंडित हैं, जिन्होंने अब तक कई सुपर डुपर हिट भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री को दी है। वह एक ऐसे निर्देशक हैं, जिनके फिल्मों का इंतजार दर्शकों को बेसब्री से होता रहा है। वे अरविंद अकेला कल्लू को लेकर 'राज', 'दूल्हा धीरे-धीरे' जैसी हिट फिल्में भी बना चुके हैं, तो खेसारीलाल यादव के साथ भी 'फरिश्ता' जैसी फिल्मों से भी धूम मचाया है। अब, लाल बाबू पंडित एक बार फिर से नई फिल्म 'ममता की छांव में' लेकर आ रहे हैं, जिसकी कहानी बेहद मार्मिक और दिल को छू लेने वाली होगी। यह खुद लाल बाबू पंडित ने बताया है। इस फिल्म का निर्माण सुमित सिंह कर रहे हैं जो कि सुर म्यूजिक कंपनी के मालिक हैं। लाल बाबू पंडित ने कहा कि 'यह फिल्म एक मां की ममता पर आधारित है जिसमें अरविंद अकेला कल्लू एक खास किरदार निभाते नजर आंएगे। उन्होंने कहा कि हम इस फिल्म का भव्यता से निर्माण कर रहे हैं और आजमगढ़ की धरती पर सभी लोग अपना हंड्रेड परसेंट दे रहे हैं। उम्मीद है कि हम अपनी पिछली फिल्म की तरह ही एक बेहतरीन फिल्म लेकर दर्शकों के बीच में होंगे और दर्शकों से हमें खूब प्यार और आशीर्वाद भी मिलेगा।'

### लाइफ स्टाइल




शादी भले ही निजी और पारिवारिक आयोजन हो लेकिन दुल्हन के तौर पर खुद को प्रेजेंट करना मॉडल्स के लिए एक चुनौती भरा काम होता है। न्यूयार्क फैशन वीक में अगले सप्ताह 2 से 4 अप्रैल तक ब्राइडल शो होने जा रहा है। इसके लिए मॉडल्स तैयारी में जुटी हैं। यहां कई नामचीन डिजाइनर अपने कलेक्शन पेश करेंगे।

## गर्मियों में ऑयली बालों पर करें लगाएं कुछ अलग हट कर


बालों लंबे और घने नजर आएं। इसके लिए अक्सर हम अलग-अलग चीजों का इस्तेमाल करते हैं। कई बार एक्सपर्ट की सलाह पर मौसम के बदलने पर ट्रीटमेंट भी कराते हैं। गर्मी का सीजन शुरू हो गया है। ऐसे में तेज धूप की वजह से आने वाले पसीने से बालों में हर समय नमी और चिपचिपापन रहेगा, जिसकी वजह से बाल ऑयली नजर आएंगे। ऐसे में जरूरी है कि आप सही चीजों का इस्तेमाल अपने बालों पर करें। इसके लिए आप आर्टिकल से सही जानकारी लेकर बालों को हेल्दी बना सकती हैं।

### लाइट शैंपू का करें इस्तेमाल

अगर आपके बाल गर्मी में ज्यादा ऑयली रहते हैं तो इसके लिए आप हफ्ते में 2 से 3 बार इन्हें वॉश करें। साथ ही जिस शैंपू का इस्तेमाल करें वो लाइट हो। ऐसा इसलिए क्योंकि अगर आप ज्याद फोम का इस्तेमाल करेंगी तो बाल ज्यादा चिपचिपे नजर आएंगे। इसके लिए आप बाजार से इस तरह के शैंपू खरीदकर इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे बाल हेल्दी रहते हैं। साथ ही गर्मी में ऑयली नजर नहीं आते हैं। आप चाहें तो ड्राई शैंपू का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। लेकिन उस समय जब आपको जल्दी में कहीं बाहर जाना पड़े।

### हेयर मास्क का करें इस्तेमाल

अगर आपको लग रहा है कि बाल ज्यादा ऑयली नजर आ रहे हैं तो इसके लिए हफ्ते में 1 बाद दही और शहद या एलोवेरा जेल और मुल्तानी मिट्टी लगाएं। इससे बालों को पोषण भी मिलेगा। साथ ही वो सिल्की और शाइनी नजर आएंगे। आप चाहें तो अंडा भी अपने बालों में इस्तेमाल कर सकती हैं। ऑयली बालों के लिए अच्छा होता है।



### मेथी दाने का लगाएं पानी

बालों के लिए मेथी दाना काफी अच्छा होता है। अगर आप इसके पानी में करी पत्ते के रस को मिलाकर लगाती हैं तो बाल ऑयली नजर नहीं आते हैं। इसका इस्तेमाल मैं भी अपने बालों में अक्सर करती हूं। साथ ही बाल झड़ने भी बंद हो जाते हैं। इसलिए आपको इसे ट्राई करना चाहिए, ताकि बाल हेल्दी रहें। साथ ही ऑयली भी नजर न आएं। इन चीजों का इस्तेमाल आप नियमित रूप से करेंगी तो आपके बाल हेल्दी रहेंगे। साथ ही गर्मी में ऑयल भी कम दिखाई देगा।

## रिसेप्शन में दिखाना है ग्लैमरस अंदाज तो पहनें इस तरह का गाउन







हर लड़की के लिए उसकी शादी का दिन बेहद अहम होता है। इसकी तैयारी वो महीनों-महीनों पहले से करती हैं। शादी के कार्यक्रमों में जिस तरह से हल्दी, मेहंदी और संगीत काफी अहम होता है, उसी तरह से लोगों के लिए रिसेप्शन का कार्यक्रम भी काफी ज्यादा जरूरी होता है।

नई दुल्हन के लिए उसकी ससुराल में पहला कार्यक्रम रिसेप्शन ही होता है। इस कार्यक्रम में हर किसी की नजर दुल्हन पर ही होती है। एक समय था जब हर नई दुल्हन अपने रिसेप्शन के कार्यक्रम में एथनिक आउटफिट पहनती थी, लेकिन अब समय बदल गया है।

### सपना चौधरी का हैवी गाउन

अगर आप हैवी गाउन पहनकर अपना खूबसूरत और ग्लैमरस अंदाज दिखाना चाहती हैं, तो सपना चौधरी का हैवी गाउन बेस्ट विकल्प है। ऐसे गाउन आजकल चर्चाओं में भी रहते हैं। ऐसे गाउन के साथ आप क्यूट सी हेयर स्टाइल भी बना सकती हैं।



### मलाइका का ग्लैम लुक

अक्सर अपने ग्लैमरस लुक की वजह से लोगों का दिल जीतने वालीं मलाइका आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। आप उनके इस लुक से टिप्स लेकर अपना रिसेप्शन लुक तैयार कर सकती हैं।

### गौहर खान का डीपनेक लुक

हरे रंग का ये डीपनेक बॉडीकॉन गाउन आपको ग्लैमरस लुक देने में कोई कसर नहीं छोड़ेगा। इसके साथ अपने बालों को हल्का कर्ल जरूर करें। कर्ली बाल आपकी खूबसूरती में चार चांद लगाएंगे। इसके साथ ही डीपनेक होने की वजह से आप गले में कुछ क्लासी सा नेकपीस कैरी कर सकती हैं। बहुत से लोगों के यहां नई दुल्हनें लाल, पीला, हरा रंग ही कुछ दिनों तक पहनती हैं। ऐसे में आप कटरीना कैफ की तरह ही लाल रंग का बैकलेस स्लिट स्टाइल का गाउन अपने लिए तैयार करा सकती हैं।

## शादी में लहंगे के साथ वियर करें ये न्यू डिजाइन वाले झुमके

अगर आप लहंगा वियर कर रही हैं तो ये आउटफिट तब तक कम्पलीट नहीं होता जब तक आप इसके साथ मैचिंग ज्वेलरी ने पहन लें। वहीं ज्वेलरी में झुमके भी हैं जो आपके आउटफिट को कम्पलीट करते हैं तो वहीं ये आपके आउटफिट को परफेक्ट बनाने का काम करते हैं। वहीं इन झुमकों की वजह से आप काफी खूबसूरत नजर आती हैं। बाजार में आपको कई तरह के झुमके मिल जाएंगे लेकिन अगर आप अपने लहंगे के साथ कुछ नया ट्राई करने का सोच रही हैं या ये चाहती हैं कि आप आउटफिट के साथ कुछ न्यू डिजाइन वाले झुमके पहने तो आप आर्टिकल की मदद से इन नए डिजाइन के झुमके अपने आउटफिट के साथ मैच करके वियर कर सकती हैं।

### पीकॉक स्टाइल झुमके

इन दिनों ये पीकॉक स्टाइल झुमके काफी ट्रेंड में हैं और इन पीकॉक स्टाइल झुमके (झुमकी डिजाइंस) को आप अपने आउटफिट के साथ मैच करके पहन सकती हैं। इस झुमके में मोर का डिजाइन बनाया गया है साथ ही इन झुमके में मोतियां लगे हैं। इस तरह के पीकॉक स्टाइल झुमके आपको कई सारे कलर ऑप्शन में मिल जाएंगे जिन्हें आप



अपने आउटफिट के साथ मैच करके पहन सकती हैं और ये आपको आसानी से सस्ते दाम में मिल जाएंगे।

ये झुमके भी लहंगे के साथ वियर किए जा सकते हैं। ये लेयर्ड झुमका सिल्वर कलर में हैं और इस झुमके में दो लेयर में डिजाइन किया है। वहीं इस दो लेयर वाले झुमके में आप मोतियों का काम किया है और इस वजह से ये झूमक काफी खूबसूरत हैं। वहीं इस झुमके को आप अपने आउटफिट के साथ मैच करके पहन सकती हैं। वहीं इस तरह के झुमके आपको कई सारे ऑप्शन में मिल जायेंगे जिन्हें आप ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों ही जगहों से सस्ते दाम में खरीद सकती हैं।

## अरसे बाद कर रहे हैं शेविंग, तो अपनाएं ये कुछ जरूरी टिप्स नहीं होगी दाढ़ी में जलन

अगर आप लंबे अरसे से दाढ़ी रखे हुए हैं और अब क्लीन शेव का मूड है तो कुछ जरूरी कदम आपको उठाने चाहिए। यदि आपकी त्वचा की सतह असमान है, तो गंदगी, धूल और डेड कोशिकाओं के जमा होने के कारण शेविंग करना आपके लिए आसान या सहज अनुभव नहीं होगा। आपके चेहरे के खिलाफ रेजर ब्लेड को बार-बार रगड़ने से घर्षण पैदा होगा, जो बाद में चकत्ते और लालिमा का कारण बनता है। इससे बचने के लिए समय-समय पर एक्सफोलिएट करने की आदत डालें। इसमें कॉफी ग्राउंड, ओटमील या ब्राउन शुगर जैसे दानेदार पदार्थ का उपयोग करके अपना चेहरा साफ करना शामिल है। रोम छिद्रों के अंदर फंसे सभी कचरे को हटाने के लिए अपनी त्वचा को उनके पेस्ट से धीरे से स्क्रब करें। शेविंग से ठीक पहले ऐसा करने से आपको बेहतर परिणाम मिलेंगे। यकीन जानिए, ये बढ़ी हुई बियर्ड को भी शेविंग के लिए मुलायम करने में मदद करेगा।

### ल्यूब्रिकेंट का प्रयोग करें



रूखे चेहरे और बढ़ी हुई दाढ़ी को शेव करना मुसीबत का नुस्खा है। आप सचमुच अपनी त्वचा पर एक तेज ब्लेड मार रहे हैं! दोनों के बीच एक बाधा के रूप में काम करने के लिए नमी की आवश्यकता होती है। यह घर्षण को कम करता है और इस प्रकार, रेजर के स्ट्रोक लगने से चकत्ते के ग्रोथ की संभावना कम हो जाती है। ये ठीक बालों को उनकी जड़ से काटना भी आसान बनाता है और इसलिए, आपको एक नरम और चिकनी फिनिश देता है। इसीलिए, शेविंग की शुरुआत करने से पहले अपने चेहरे को प्री-शेव तेल या फोमिंग क्रीम से मालिश करने की बहुत जरूरत होती है। अगर आप प्री-शेव तेल से मसाज नहीं करना चाहते हैं या आपके पास उपलब्ध नहीं है तो भी इसका उपाय मौजूद है। दाढ़ी या स्ट्बल को पहले गर्म गुनगुने पानी से धोएं। चेहरे को धोने के बाद मोटे तौलिया से थपथपाकर एक्स्ट्रा पानी सुखा लें। पानी के सूख जाने के बाद गुनगुने नारियल तेल और समान मात्रा में एलोवेरा जेल मिलाकर बालों की मसाज करें। यकीन जानिए, ये नुस्खा बालों और दाढ़ी के नीचे की स्किन को बहुत मुलायम बना देता है। ये आजमाया हुआ नुस्खा है और कभी भी फेल नहीं होता है। एक बार इस्तेमाल के बाद आप अपने अनुभव भी हमसे शेयर कर सकते हैं।

### कार्नर न्यूज

## इन उपायों से अपने कपड़ों के कलर और फिटिंग भी रख पाएंगे बरकरार

## गर्मी में कपड़ों का ऐसे रखें ख्याल भूल जाएंगे नई ड्रेस खरीदना

*कपड़े जल्दी फटने या बदरंग होने के पीछे मुख्य कारण है- हमारी लापरवाही। इस वजह से लड़कों के गर्मियों के कपड़े जल्दी खराब हो जाते हैं। अगर आपके कपड़े भी लंबे समय तक नहीं चल रहे हैं तो आपको अपनी कुछ आदतों को बदलना होगा। सर्दी के कपड़ों की तुलना में गर्मी के दिनों में कपड़ों का ख्याल रखना जरूरी है। क्योंकि समर में कपड़े जल्दी खराब हो जाते हैं जबकि सर्दी के कपड़े खराब नहीं होते। इसलिए गर्मी की ड्रेस को धोने से लेकर सुखाने और उनको रखने तक हमें कुछ बातों का ध्यान रखना होता है। हम यहां पर उसके बारे में बात करने वाले हैं। बिना पानी के साफ करें कपड़े क्या हर बार कपड़ों को पानी से धोना जरूरी है?*



### डिटर्जेंट पाउडर के बिना कपड़ों की सफाई

गर्मी के दिनों में पसीने की वजह से हम कपड़ों को अधिक बार धोते हैं। इस वजह से फैब्रिक कमजोर हो जाते हैं। चूंकि पसीने को निकालने के लिए हर बार धोना जरूरी है। मगर डिटर्जेंट पाउडर हर बार उपयोग करना आवश्यक नहीं है। बिना डिटर्जेंट पाउडर के भी कपड़े को साफ पानी से धोया जा सकता है। इसके लिए कपड़े को साफ पानी में भिगोने के बाद उसको निचोड़ दें और महक के लिए लिक्विड का प्रयोग करें। इस तरह आप अपनी ड्रेस को डिटर्जेंट पाउडर से बचा सकते हैं। इससे आपके कपड़े की लाइफ बढ़ेगी।

### सही मात्रा में डिटर्जेंट पाउडर का प्रयोग

डिटर्जेंट पाउडर का इस्तेमाल कितना करना चाहिए? इसकी जानकारी डिटर्जेंट पाउडर के पैकेट पर लिखी होती है। इसके बावजूद भी कई लोग बिना पढ़े ही बाल्टी में डाल देते हैं। एक कपड़े के लिए भी उतना ही और चार कपड़े के लिए भी उतनी ही मात्रा में डिटर्जेंट पाउडर डालेंगे। ऐसे में कपड़े के फैब्रिक और रंग पर असर पड़ता है। इसलिए सही मात्रा में डिटर्जेंट पाउडर का उपयोग करें।


### डिटर्जेंट टिकिया का कम करें उपयोग

डिटर्जेंट पाउडर के बाद डिटर्जेंट टिकिया का इस्तेमाल, यानी दोनों चीजों को एक साथ क्यों इस्तेमाल करना। मगर लोग कपड़े चमकाने के चक्कर में ऐसा करते हैं। बात यहीं खत्म नहीं होती, वे लोग कपड़े पर डिटर्जेंट टिकिया को इतनी जोर से रगड़ते हैं जिससे वे जल्दी फट जाता है। हमें कपड़े धोने के साबुन का प्रयोग अपर वियर ड्रेस के लिए नहीं करना चाहिए। खासकर जींस, कैजुअल पैंट आदि के लिए ये सही होते हैं। मगर उन पर भी हल्के हाथ से डिटर्जेंट टिकिया रगड़ें।



1 APR-Jash-RAGH-CORIY-JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/1/2024 8:22 PM Page 1





# मंकी मैन की रिलीज डेट पर लटकी तलवार

**मुंबई।** देव पटेल की मच अवेटेट फिल्म 'मंकी मैन' रिलीज को पूरी तरह से तैयार है। अमेरिका और अन्य प्रमुख देशों में यह फिल्म 5 अप्रैल को रिलीज होगी, जबकि भारत में इसे 19 अप्रैल को रिलीज होना था। लेकिन अब भारतीय ऑडियंस को फिल्म देखने के लिए और लंबा इंतजार करना पड़ेगा। यूनिवर्सल पिक्चर्स इंडिया के लेटेस्ट सोशल मीडिया पोस्ट में 'मंकी मैन' की रिलीज डेट को बदल दिया गया है और लिखा है कि फिल्म जल्द ही रिलीज होगी, लिखा हुआ है। इसके बाद से अटकलें लगाई जा रही हैं कि फिल्म का 19 अप्रैल को भारत में रिलीज नहीं हो पाएगी।

लाइफ Style

# कृति



## विद्या संग काम करने की चाह

अभिनेत्री कृति सेनन लगभग दो महीने के अंतराल में बैक-टू-बैक रिलीज़ के साथ आगे बढ़ रही हैं। क्रू में करीना कपूर और तब्बू के साथ काम करने के बाद, कृति ने अब बहुमुखी विद्या बालन के साथ काम करने की इच्छा व्यक्त की है। मीडिया से बातचीत के दौरान कृति ने कहा, मुझे विद्या बालन के साथ काम करना अच्छा लगेगा। मुझे लगता है कि वह ऐसी शख्स हैं, जिनकी मैं वास्तव में प्रशंसा करती हूं, उनके व्यक्तित्व और अभिनेता के लिए। इसलिए उम्मीद है कि कोई तो स्क्रिप्ट लिखेगा।

मुंबई। कृति ने काजोल संग स्क्रीन शेयर पर कहा, दिलवाले में हमारे बहुत कम दृश्य थे। इसलिए मैंने सोचा कि यह एक उचित फिल्म थी, जिसमें मैंने उनके साथ काम किया। दो पत्ती में हमारे बहुत इंटेंस सीन हैं। मुझे उनके साथ काम करके बहुत मजा आया और मुझे लगता है कि वह हमारे अब तक के सबसे बेहतरीन अभिनेत्रियों में से एक है। मुझे उनके साथ काम करना और भी ज्यादा पसंद है क्योंकि वह हमेशा सीन के लिए कुछ न कुछ लेकर आती हैं। वह मुझसे यह भी कहती थी मुझे लगता है कि तुम्हें यहीं ऐसा करना चाहिए और शायद अगर आप इस तरह व्यवहार करते हैं, तो यह बेहतर हो सकता है। वहीं कृति ने रविवार को अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें अभिनेत्री 'क्रू' पर दर्शकों का रिएक्शन जानने थिएटर पहुंचती है और उनसे खूब सारी बातें भी करती नजर आ रही हैं। इतना ही नहीं इस दौरान कृति को दर्शकों के बीच एक पायलेट भी मिलते हैं, जिससे अभिनेत्री मस्ती-मजाक में मांफी भी मांगती नजर आ रही हैं। इस वीडियो के कैप्शन में लिखा- वे हंसे, मैं मुस्कुराया! यह प्यार मेरे पूरे क्रू के लिए है!! देवियों!! उड़ान भरी हुई है और यह प्यार और हंसी से भरी है।

## हॉलीवुड मसाला



# अब ओटीटी पर धूम मचाएगी मैडम वेब

मुंबई। मार्वल की फिल्म मैडम वेब ने सिनेमाघरों के बाद ओटीटी स्पेस में भी कदम रख दिया है। प्राइम वीडियो ने जानकारी दी कि फिल्म प्लेटफॉर्म पर आ गई है, लेकिन ग्राहकों के लिए अभी फ्री नहीं है। मैडम वेब को प्राइम स्टोर में जोड़ा गया है, जिसका मतलब है कि ग्राहकों को इसे देखने के लिए पैसे खर्च करने होंगे। फिल्म में फिफ्टी शेड्स ऑफ ग्रे फेम डकोटा जॉनसन मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म प्राइम वीडियो स्टोर पर 13 भाषाओं में उपलब्ध है, जबकि इसे 14 भाषाओं में सबटाइटल के साथ देखा जा सकता है।



# मैदान का वीडियो जारी अजय का अनोखा अंदाज

मुंबई। अजय देवगन की अगली मूवी 'मैदान' का फैंस को बेसब्री से इंतजार है, जो कुछ ही दिनों में रिलीज होने के लिए तैयार है। मैदान एक स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म है, जिसमें अभिनेता सैयद अब्दुल रहीम की भूमिका निभाते नजर आएंगे। अब हाल ही में अजय ने फिल्म की रिलीज से पहले अपनी भूमिका की एक झलक दिखाते हुए एक वीडियो शेयर किया है। अभिनेता अजय देवगन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में उनकी एंट्री दिखाई गई है। साथ ही वह अपने खिलाड़ियों से बात करते भी नजर आ रहे हैं। अभिनेता कहते हुए सुनाई देते हैं कि सोच एक, समझ एक, दिल एक, दिमाग एक, इसलिए आज मैदान में उतरना 11, लेकिन दिखना सिर्फ एक। मैदान 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।



# ब्रेकअप के बाद सुसाइड करना चाहती थीं रवीना?

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस रवीना टंडन अक्सर बहुत ही बेबाकी से अपने राय रखने के लिए जानी जाती हैं। वो अक्सर अपने पर्सनल लाइफ से जुड़े मुद्दों पर खुलकर बात करती नजर आती हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में अक्षय कुमार से ब्रेकअप के बाद सुसाइड की खबरों को लेकर जवाब देती नजर आई हैं। रवीना से जब इंटरव्यू में सुसाइड करने के रूमर्स से जुड़ा सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा कि एक मैगजीन ने स्टोरी कर दी थी, जिसमें कहा गया था कि सगाई टूटने के बाद उन्होंने सुसाइड करने की कोशिश की थी। रवीना ने इस स्टोरी को क्लियर करते हुए बताया कि ऐसा कुछ नहीं था, वो अस्पताल में थीं, क्योंकि वो बीमार थीं। असलियत में वो मेनिनजाइटिस से पीड़ित थीं। एक्ट्रेस ने आगे कहा कि इस बात को साबित करने के लिए उनके पास अस्पताल के सभी रिपोर्ट्स हैं। वो इतनी कमजोर नहीं कि जीवन की एक सिचुएशन से परेशान होकर आत्महत्या करने की सोचें।



# विजय ने किया फ्यूचर प्लांस का खुलासा

**मुंबई।** पॉपुलर साउथ एक्टर विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना अक्सर अपने डेटिंग रूमर्स को लेकर चर्चा में रहते हैं। ऐसे में अक्सर उनसे सवाल किया जाता है कि आखिर दोनों कब शादी कर रहे हैं। आखिरकार एक्टर ने अपने फ्यूचर प्लांस का खुलासा किया है। विजय देवरकोंडा इन दिनों मृणाल ठाकुर के साथ अपनी अपकमिंग फिल्म फैमिली स्टार के प्रमोशन को लेकर व्यस्त हैं। फिल्म प्रमोशन के इवेंट में जब एक्टर से उनके शादी करने के प्लान्स के बारे में पूछा तो एक्टर ने कहा कि वो जल्द शादी कर के पिता बनना चाहते हैं। विजय ने सिर्फ अपनी ख्वाहिश के बारे में ही नहीं बताया, उन्होंने ये भी कहा कि वो लव मैरिज ही करेंगे। ये कहकर देवरकोंडा ने अपने और रश्मिका के रिलेशनशिप रूमर्स पर मोहर लगाई है। एक्टर ने इतना तक कह दिया कि वो अपनी गर्लफ्रेंड से तभी शादी करेंगे, जब उनके माता-पिता इस रिश्ते के लिए तैयार हो जाएंगे।

# आलिया ने वंचित बच्चों के लिए जुटाया फंड



**मुंबई ।** एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने लंदन में चल रहे चैरिटी इवेंट होप गाला को होस्ट किया। उन्होंने इस इवेंट में भारत में वंचित बच्चों के लिए काम करने वाले सलाम बॉम्बे फाउंडेशन की मदद करने के लिए फंड जुटाया। आलिया ने कहा, मुझे इन बच्चों की कहानियों को नया आकार देने में मदद करने में एक छोटी सी भूमिका निभाकर खुशी हुई है। आज हमारे प्रयासों की शुरुआत है और लोगों के समर्थन से मुझे विश्वास है कि हम आने वाली पीढ़ियों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण प्रगति करेंगे। आलिया ने कहा, सलाम बॉम्बे फाउंडेशन और मंदारिन ओरिएंटल होटल ग्रुप के सहयोग से चैरिटी इवेंट को होस्ट करना मेरे लिए खास एक्सपीरियंस रहा है। मैं लंबे समय से भारत की मलिन बस्तियों में युवाओं के उत्थान, आशा और अवसर प्रदान करने के लिए पद्मिनी सेखसरिया के अटूट समर्पण की प्रशंसा करती रही हूं।



# पांच भाषाओं में प्रदर्शित होगी रामचरण की गेम चेंजर

**मुंबई।** आरआरआर के बाद रामचरण की अगली फिल्म गेम चेंजर है, जिसे निर्देशक शंकर ने निर्देशित किया है। रामचरण की 'गेम चेंजर' बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म की शूटिंग पिछले तीन साल से हो रही है और प्रशंसक तंग आ चुके हैं, क्योंकि उन्हें अभी तक रिलीज डेट का पता नहीं चल पाया है। फिल्म के प्रोड्यूसर दिल राजू का कहना है कि फिल्म की रिलीज डेट लगभग लॉक हो चुकी है। हाल ही में एक प्रेस मीट में बात करते हुए दिल राजू ने पुष्टि की कि गेम चेंजर पांच भाषाओं में रिलीज होगी। फिल्म का निर्देशन एस. शंकर कर रहे हैं।



# प्रियंका और परिणीति के रिश्ते में आई खटास?

**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा अपनी बेटी मालती और पति निक जोनस के साथ इंडिया आई थीं। भले अब एक्ट्रेस वापस अपने ससुराल चली गई हैं, लेकिन उनके इस दौरे के बाद से परिणीति चोपड़ा संग उनके रिश्ते में खटास की खबरों को हवा मिल गई है। ना तो प्रियंका अपनी बहन परिणीति की शादी में शामिल हुई थीं, ना ही वो अब शादी के बाद उनसे मिलीं। जब एक्ट्रेस ने इस बार अपना ज्यादा से ज्यादा वक्त अपने परिवार के साथ बिताया। मगर फिर भी दोनों बहनों ने भारत में होने बावजूद एक-दूसरे से मिलने की कोशिश नहीं की। ऐसे में नेटिजन्स के मन में यह सवाल खड़े हो रहे हैं।



# आदुजीविथम-द गोट लाइफ का कलेक्शन 50 करोड़ के पार

मुंबई। साउथ स्टार पृथ्वीराज सुकुमारन की फिल्म 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' बॉक्स ऑफिस पर जमकर कहर बरपा रही है। देश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी मलयालम भाषा में बनी इस फिल्म का डंका बज रहा है। तीन दिनों में 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' ने देशभर में 20 करोड़ के आंकड़े को पार कर लिया है। पृथ्वीराज सुकुमारन ने 'आदुजीविथम-द गोट लाइफ' की वर्ल्डवाइड कलेक्शन की जानकारी दी है, जिसके मुताबिक, फिल्म ने तीन दिनों में दुनियाभर में 50 करोड़ से ज्यादा की कमाई कर ली है। रिपोर्ट के मुताबिक आदुजीविथम-द गोट लाइफ ने तीन दिन में हिंदी सहित सभी भाषाओं में 7.75 करोड़ की कमाई की है।

## बच्चे की मौत का रहा गम, अमिताभ ने जिसे माना गॉडफादर

# ऐसा था जलवा, हीरो से ज्यादा फीस लेते थे महमूद

मुंबई। कॉमेडियन का नाम आता है तो जेहन में महमूद का नाम सबसे पहले आता है। उनकी एक्टिंग का कोई जवाब नहीं था, हर कोई उनकी बेमिसाल अदाकारी का दीवाना था। एक कॉमेडियन का किरदार निभाने वाले एक्टर के नाम से ही फिल्में हिट हो जाया करती थीं। यही वो वजह थी, जिसकी वजह से वो हीरो से भी ज्यादा फीस वसूलते थे। कहा जाता है कि सदी के महानायक अमिताभ बच्चन उन्हें अपना गॉडफादर मानते थे, क्योंकि उन्होंने अभिनेता की उनके करियर में काफी मदद की थी।



### पोलियो ग्रस्त बेटे का था गम

कम ही लोगों को पता होगा कि महमूद के 8 बच्चों में से एक को पोलियो था। फिल्म कुंवारा बाप में अभिनेता ने एक गरीब रिक्शेवाले का किरदार अदा किया था, जिसके बेटे को पोलियो होता है। इसमें उनके बेटे का किरदार उनके असली बेटे ने निभाया था। अपने बेटे के इलाज के लिए एक पिता सब कुछ करता है लेकिन अंत में हार ही हाथ लगती है और वो अपना बेटा खो देता है। ये फिल्म देखने वालों की आंखों में आंसू आ गए थे, और मूवी ब्लॉकबस्टर हिट साबित हुई, जिसने कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए।



### कॉमेडियन, जो देता था सुपरस्टार्स को टक्कर

महमूद मूवी में है या नहीं। उनके नाम से ही मूवी हिट हो जाती थी। फिल्मों के पोस्टर में अभिनेता के होने से उसकी वैल्यू और भी ज्यादा बढ़ जाती थी। अभिनेता हीरो से ज्यादा फीस वसूलते थे। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म 'किस्मत' के बाद महमूद ने एक्टिंग छोड़ दी थी। अपने परिवार की आर्थिक तंगी को देखते हुए एक्टर ने कई छोटे-मोटे काम करने शुरू कर दिए। दो वक्त की रोटी खाने के लिए उन्होंने निर्देशक राजकुमार संतोषी के पिता पीएल संतोषी की गाड़ी चलाई और एक ड्राइवर बन गए। यही नहीं घर चलाने के लिए उन्होंने अंडे भी बेचे और टैक्सी भी चलाई।

### 40 साल के करियर में की 300 से अधिक फिल्में

महमूद का पूरा नाम महमूद अली था, जिनका जन्म सितंबर 1932 में हुआ था। एक्टर ने मीना कुमारी की छोटी बहन से शादी की थी, हालांकि उन्होंने दो शादी की थी, दूसरी बीवी का नाम ट्रेसी अली था। अभिनेता के टोटल 8 बच्चे थे। अपने 40 साल के फिल्मी करियर में उन्होंने 300 से भी ज्यादा फिल्मों में काम किया। अपने फिल्मी करियर की शुरुआत उन्होंने साल 1943 में आई फिल्म बॉम्बे टॉकीज़ से की थी, जिसमें वो बच्चे ही थे। भारत के राष्ट्रीय हास्य अभिनेता के रूप में इस महान अभिनेता को जाना जाता था।

## खबर संक्षेप



### हिंदू नववर्ष पर संभाग स्तरीय शोभायात्रा व धर्म सभा 9 को

**बिश्रामपुर।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदू नववर्ष को हर्षोल्लास से मनाए जाने के उद्देश्य से शनिवार को दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के समीप हिंदू संगठनों के सदस्यों की बैठक आहूत की गई। बैठक में उपस्थितजन द्वारा यह निर्णय लिया गया कि प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी हिंदू नवर्ष चैत्र राम नवमी के अवसर पर 9 अप्रैल को सरगुजा संभाग स्तरीय भव्य शोभायात्रा निकालकर धर्म सभा का आयोजन किया जाएगा। पिछले 10 वर्षों से लगातार किए जा रहे उक्त कार्यक्रम में हिंदू नवर्ष के अवसर पर 9 अप्रैल को प्रातः 10 बजे सभी हिंदू धर्मावलंबी नगर के अयप्पा ग्राउंड में एकत्र होंगे और यहां धर्म सभा उपरांत जिला मुख्यालय सूरजपुर तक भव्य शोभायात्रा निकाल कर आरती उपरांत कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। इस वर्ष उक्त कार्यक्रम की रूपरेखा आयोजक रुद्र सेना, 151 फिट विराट हनुमान मंदिर समिति पचिरा द्वारा लोकसभा चुनाव हेतु लगाए गए आचार संहिता नियमों का पालन करते हुए कार्यक्रम संपन्न कराए जाने की तैयारी की जा रही है।

### माशा मोहनपुर में कक्षा आठवीं के बच्चों को दी गई विदाई



**अम्बिकापुर।** शासकीय माध्यामिक शाला मोहनपुर में आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं को शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों की उपस्थिति में विदाई दी गई। कार्यक्रम में आठवीं के छात्र-छात्राओं का बच्चों ने पुष्प गुच्छ एवं बैच लगाकर स्वागत किया। छात्रों ने विद्यालय में बिताए दिनों के संबंध में अपना अनुभव साझा किया। कार्यक्रम को शिक्षक अशोक कुमार तिर्की, द्वारिका प्रसाद पात्र, विनीता सिंह एवं अतिथियों ने संबोधित किया। इस दौरान शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कमल साय उपाध्यक्ष जमीला देवी, प्रधानपाठक निरंजन विश्वास, वर्षा पटेल उपस्थित थीं।

### कुदरगढ़ में रजवार समाज की हुई बैठक, लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



**ओड़गी।** विकास खंड ओड़गी अंतर्गत कुदरगढ़ देवी धाम में स्थित रजवार समाज भवन में आज कैबिनेट मंत्री पति ठाकुर प्रसाद राजवाड़े की अध्यक्षता में रजवार समाज भण्डारा सेवा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कई गांवों से आए हुए सामाजिक पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर समाज द्वारा भण्डारे का आयोजन करने का निर्णय लिया है। चैत्र नवरात्र के प्रथम दिवस से सप्तमी तिथि तक चना, गुड़, पानी की व्यवस्था, अष्टमी तिथि को हलुआ का प्रसाद व नवमी तिथि को चावल, दाल, सब्जी, बाड़ा सब्जी का व्यवस्था किया जाएगा।

### श्रीराम मंदिर में ब्राह्मण समाज ने मनाई रंग पंचमी

**रामानुजगंज।** ब्राह्मण समाज द्वारा रंग पंचमी के अवसर पर शनिवार को नगर के कनहर नदी के तट स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। सभी विप्रजनों को तिलक लगाकर रंग पंचमी का त्यौहार मनाया गया। इस दौरान समाज को एकजुट रखने और समाज के लोगों के बीच छोटे-बड़े आयोजन करते हुए सक्रियता बनाए रखने के विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में रमाशंकर दुबे, एमडी पाण्डेय, विपिन पाठक, मनोज दुबे, प्रदीप चौबे, प्रभाकर द्विवेदी, राजा तिवारी, विकास दुबे, दीपक दुबे, अमित चौबे, आशीष चौबे, प्रमोद मिश्रा, यशपाल दुबे, धनंजय दुबे, मनोज तिवारी, उज्वल तिवारी, लवकेश पाण्डेय, विनायक मिश्रा, आकाश तिवारी, आनंद मिश्रा, सूरज मिश्रा, अर्पित तिवारी सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## हर साल की पढ़ाई पर मिलेगा सर्टिफिकेट व डिप्लोमा

# नए शिक्षा सत्र से सभी कॉलेजों में संचालित होगा नई शिक्षा नीति का पाठ्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

नए शिक्षा सत्र से प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में नई शिक्षा नीति के तहत एक समान पाठ्यक्रम संचालित किया जाएगा। शासन ने पाठ्यक्रम को रोजगार परक बनाने के उद्देश्य से सभी कॉलेजों में समान पाठ्यक्रम संचालित करने का निर्णय लिया है। शासन द्वारा गठित विभिन्न समितियां पाठ्यक्रम तैयार करने में जुटी हैं। शासन ने प्रदेश के सभी कॉलेजों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत एक समान पाठ्यक्रम संचालित करने का निर्णय लिया है। पिछले साल प्रयोग बतौर नए पाठ्यक्रम को प्रदेश के सभी स्वशासी महाविद्यालयों में लागू किया था। स्वशासी महाविद्यालयों में पाठ्यक्रम के सफल होने के बाद अब सभी कॉलेजों में इसे लागू करने का निर्णय लिया गया है। पिछले दिनों रायपुर में हुई कुलपतियों की बैठक में विभिन्न टीमों का गठन कर नए पाठ्यक्रम का सिलेबस तैयार करने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शासन द्वारा निर्धारित मापदण्ड के बाद समितियों द्वारा तैयार पाठ्यक्रम की समीक्षा उपरांत इसे लागू किया जाएगा। नए पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को वार्षिक परीक्षा से मुक्ति मिल जाएगी तथा सभी को सेमेस्टर प्रणाली के तहत हर 6 महीने में परीक्षा देनी होगी।

**खास बात**

- ऑनर्स करने के बाद विद्यार्थी शुरू कर सकेंगे शोध कार्य




### चार साल का होगा पाठ्यक्रम

नई शिक्षा नीति के तहत स्नातक का पाठ्यक्रम चार साल का होगा। पहले साल की पढ़ाई के बाद विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट, दूसरे साल में डिप्लोमा, तीसरे साल स्नातक की डिग्री एवं चौथे साल आनर्स प्रदान किया जाएगा। आनर्स की डिग्री हासिल करने वाले विद्यार्थी स्नातकोत्तर की पढ़ाई किए बिना शोधकार्य प्रारम्भ कर सकेंगे। बीच में पढ़ाई बाधित होने पर विद्यार्थी अपने क्रेडिट के आधार पर दोबारा फिर से प्रदेश लेकर आगे की पढ़ाई पूरी कर सकेंगे। इसके लिए एक क्रेडिट बैंक बनाया जाएगा जिसमें विद्यार्थियों के सारे दस्तावेज सुरक्षित रहेंगे। अपने लॉग इन आईडी से विद्यार्थी कभी भी इन दस्तावेजों का उपयोग अपने आगे की पढ़ाई के लिए कर सकेंगे।

### एसजीजीयू के समक्ष कई चुनौतियां

संत गहिरा गुरू विवि वर्तमान में नवीन एवं पुराना दो पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है। नए सत्र से नई शिक्षा नीति का पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया जाएगा। नए पाठ्यक्रम के साथ पूर्व से संचालित दो पाठ्यक्रमों की परीक्षा एक साथ आयोजित करना किसी चुनौती से कम नहीं है। वर्तमान में उधार के भवन में संचालित हो रहे प्रशासनिक कार्यालय के विभागों का संचालन तंग कमरों में किया जा रहा है। इसीलिए विवि प्रबंधन प्रशासनिक कार्यालय एवं शैक्षणिक विभागों को अतिशीघ्र भकुरा परिसर स्थित निर्माणाधीन भवनों में शिफ्ट करने की तैयारियां कर रहा है। नए पाठ्यक्रम से स्वाध्यायी विद्यार्थीयों में ऊहापोह की स्थिति है। हालाकि वरिष्ठ अधिकारी स्वाध्यायी विद्यार्थियों को भी आंतरिक कार्य करा इसे सुगम बनाने की बात कह रहे हैं।

नए सत्र से विद्यार्थियों को नियमित अपनी कक्षा में उपस्थित होना होगा। क्योंकि अटेनडेंस कम होने पर विद्यार्थी परीक्षा से वंचित हो सकते हैं। विद्यार्थियों को अलग-अलग साल की परीक्षा उपरांत सर्टिफिकेट, डिप्लोमा, डिग्री एवं आनर्स प्रदान किया जाएगा। विद्यार्थी कभी भी अपनी पढ़ाई छोड़ सकेंगे तथा अंतराल के बाद किसी भी कॉलेज से फिर से आगे की पढ़ाइ शुरू कर सकेंगे। पढ़ाई के दौरान सभी विषयों के विद्यार्थियों को असाइन्मेंट सहित अन्य आंतरिक जिम्मेदारियों को पूरा करना होगा। इन व्यवहारिक कार्यों के लिए अंग भी निर्धारित किया जाएगा। सबसे खास बात है कि नए पाठ्यक्रम के तहत विद्यार्थियों की रूचि के अनुसार उनका कौशल विकास किया जाएगा ताकि कभी भी वे स्वयं का रोजगार प्रारम्भ कर सकें।

### तैयार है विश्वविद्यालय प्रबंधन

शासन की मंशा एवं गाइडलाइन के अनुसार नए सत्र से नई शिक्षा नीति का पाठ्यक्रम संचालित करने पूरी तरह तैयार है। विवि द्वारा पूर्व से नए एवं पुराने पाठ्यक्रम को संचालित किया जा रहा है वहीं नए सत्र से एनईपी पाठ्यक्रम संचालित किया जाएगा। एक साथ तीन पाठ्यक्रमों का संचालन चुनौतिपूर्ण है। विवि इन चुनौतियों के निराकरण के लिए अतिशीघ्र प्रशासनिक भवन व शैक्षणिक विभागों को भकुरा परिसर में शिफ्ट करने का प्रयास कर रहा है।

-डॉ.एसपी त्रिपाठी
कुलसचिव, एसजीजीयू



आयोजन में शामिल समाज के लोग।

# होली मिलन मतभेद दूर कर भाईचारा कायम करता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

प्रतिवर्ष की भॉति इस वर्ष भी ब्राह्मण समाज के द्वारा शगुन गार्डन खाड़ा में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। वक्ताओं ने समाज के संगठित रहने की बात कहकर कहा कि ऐसे आयोजनों से मतभेद दूर होकर भाईचारा कायम होता है।

मुख्य अथिति एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र के मुख्य महाप्रबंधक बीएन झा ने कहा कि ब्राह्मण समाज सदैव ही दिशा दिखाने का कार्य करता है, अपने विवेक व बुद्धिमत्ता से एक आदर्श स्थापित किया है। श्री झा ने लोगों से अपील किया कि वे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझते हुए कार्य करें। अन्य वक्ताओं ने समाज के युवाओं में व्याप्त व्यसनों को दूर करने का आह्वान किया, साथ ही समाज को शिक्षा एवं रोजगार पर चर्चा की गई। मंचीय उद्बोधन पश्चात एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी गई। युवा वर्ग ने होली का भरपूर आनंद लिया और एक-दूसरे को जमकर रंग गुलाल लगाया। इस दौरान राजेश पांडेय एवं सुमन पांडेय ने गीतों के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर सब एरिया मैनेजर आरपी मिश्रा, खान प्रबंधक बीके पांडेय, पंडित सूर्य नारायण त्रिपाठी, राकेश पांडेय, पूर्व जिलाध्यक्ष जयनाथ बाजपेई, शैलेष तिवारी, डॉक्टर राकेश शर्मा, केडी त्रिपाठी, महेन्द्र पांडेय, डॉक्टर विनय शुक्ला, बृजेश पांडेय, रविशंकर शर्मा, बाल्मिकी दुबे, पंडित सुरेश मिश्रा, देवदत्त त्रिपाठी, पंडित सुयश देव शास्त्री, जिलाध्यक्ष बृजनारायण मिश्रा, योगेन्द्र मिश्रा, ध्रुवनाथ तिवारी, धनेन्द्र मिश्रा, शैलेन्द्र शर्मा, एनपी गौतम, नरेश तिवारी, चंद्रशेखर अवस्थी, आरपी गौतम, सतेन्द्र तिवारी, शंभू शुक्ला, रुद्र मिश्रा, राहुल मिश्रा, अखिलेश द्विवेदी, अभिषेक द्विवेदी, विवेकानंद चौबे, विभूति तिवारी, मनोज शुक्ला, अभय दुबे, अमित दुबे, पूरन चौबे, अनिल पांडेय, अतुल शुक्ला, नितिन शर्मा, करुणा त्रिपाठी, कान्हा गौतम, सिद्धिविनायक पांडेय, राजेश पांडेय, राकेश मिश्रा, निर्मल पांडेय, रामलखन गौतम, भोलू तिवारी, योगेश मिश्रा, हिमांशु अवस्थी, रामप्रकाश तिवारी, अनुराग तिवारी, निलेश पांडेय, सिब्बू मिश्रा, पिंटू तिवारी, प्रमोद अवस्थी, प्रमोद तिवारी, रूपेश तिवारी, शिवसागर तिवारी, वंदना शर्मा, ममता तिवारी, सविता मिश्रा, नेहा चौबे, सुनील दुबे, कृष्ण बिहारी दुबे, संतोष त्रिपाठी, सुनील मिश्रा, कौशलेन्द्र तिवारी सहित काफी संख्या में विप्र बंधु परिवार शामिल हुए।

# एएसआई बाबूलाल को दी गई विदाई

**बैकुण्ठपुर।** जिला पुलिस बल कोरिया छग के सहायक उप निरीक्षक बाबूलाल सिंह 31 मार्च को अपनी अधिवार्षिकीय आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हो गए हैं। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर 1 अप्रैल को रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर के कॉन्फ्रेंस हॉल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। बाबूलाल सिंह 10 अप्रैल 1983 को भर्ती होकर पुलिस में अपनी सेवाएं दे रहे थे।

लगभग 41 वर्षो की अपनी सेवाअवधि में वह जिला सरगुजा एवं कोरिया के थाना चांदनी बिहारपुर, अंबिकापुर, मनेन्द्रगढ़, बैकुंठपुर, झगराखांड़, रक्षित कोरिया, बैकुंठपुर, पटना, चरचा, केल्हारी एवं चरचा में पदस्थ रहे और वर्तमान में रक्षित केन्द्र बैकुंठपुर में ड्यूटी कर रहे थे। श्री सिंह को विभाग द्वारा वर्ष 2007 में प्रधान आरक्षक के पद पर एवं वर्ष 2021 में सहायक उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नति प्रदाय की गई है। कार्यक्रम में बाबूलाल सिंह के साथ कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों ने उनके साथ कार्य करने की अपनी यादें ताजा की। श्री सिंह ने भी अपने विभाग में कार्य के दौरान अपनी खट्टी-मीठी यादें बताई और अनुभव साझा किए। आयोजन में एसपी सूरज सिंह परिहार ने सहायक उप निरीक्षक बाबूलाल सिंह को शॉल, श्रीफल, उपहार एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया। एसपी ने कहा कि बाबूलाल जैसे अधिकारी पुलिस विभाग की पूंजी है, साथ ही उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से कहा कि पुलिस विभाग के लिए ऐसा काम करें, जिससे कि आपके सेवानिवृत्त होने पर आपकी रिक्तता विभाग में महसूस हो। पुलिस अधीक्षक श्री परिहार के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक कार्यालय के स्टॉफ द्वारा सेवानिवृत्त होने पर उनके देय स्वत्वों जैसे अवकाश नगदीकरण, परिवार कल्याण निधि, समूह बीमा योजना, डीपीएफ फाइनल पेमेंट एवं उपादान की राशि सहित संपूर्ण भुगतान करने की कार्रवाई कर दिया गया है। कार्यक्रम के अंत में श्री सिंह को पुलिस वाहन में उन्हें बैकुंठपुर के मुख्य चौक से होते हुए उनके शासकीय क्वार्टर तक छोड़ा गया एवं ससम्मान विदाई दी गई है। इस उपलक्ष्य में जिले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मोनिका सिंह ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक श्याम लाल मधुकर, जेपी भारतेंदु, नेलशन कुजूर सहित जिले के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



### युवती का अपहरण कर सामूहिक दुष्कर्म, अपचारी बालक समेत तीन गिरफ्तार

**राजपुर।** शादी में शामिल होने आए युवकों ने घर में अकेली युवती का अपहरण कर उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया है। आरोपियों में एक नाबालिग भी शामिल है। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है इसके साथ ही मामले की जांच जारी है। बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत घटगांव उदरसई निवासी 21 वर्षीय रामधन पैकरा, 19 वर्षीय कलेश्वर पैकरा व एक अन्य 17 वर्षीय नाबालिग शादी समारोह में शामिल होने के लिए ग्राम चिरई आए हुए थे। पुलिस के अनुसार 27 मार्च को युवक गांव में घूम रहे थे इस दौरान वे शाम लगभग 7.30 बजे गांव में एक घर में पहुंचे और पहचान की युवती से बात करने लगे। बात करते हुए युवकों की नियत बिगड़ गई और उन्होंने जबरन उसका अपहरण कर लिया। आरोपी युवक युवती का मुंह दबाकर उसे अपने साथ बाइक पर बिठाकर ग्राम दुर्गापुर के तुण्डडांड खेत में ले गए और बारी बारी उसके साथ दुष्कर्म किया। सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी युवती को मौके पर छोड़कर फरार हो गए। देर रात युवती किसी तरह घर पहुंची और अपने साथ हुई घटना की जानकारी परिजन को दी।

*अंबिकापुर। ग्राम बसंतपुर निवासी 55 वर्षीय कईला राम 24 मार्च को किसी काम के लिए साइकिल से ग्राम रूपपुर गया हुआ था। रूपपुर से वापस घर लौटते समय सुबह 10 बजे जैसे ही वह घर के समीप पहुंचा रोड पार करते समय कार चालक ने ग्रामीण को टक्कर मार दी।

# कोरिया साहित्य कला मंच की नई कार्यकारिणी का विस्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

पिछले एक दशक से साहित्य व कला के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित करने वाली संस्था कोरिया साहित्य एवं कला मंच का नाम परिवर्तित करके हसदेव धारा साहित्य एवं कला मंच मनेन्द्रगढ़ किया गया, साथ ही नवीन कार्यकारिणी में संस्था के संस्थापक सदस्य मृत्युंजय सोनी को अध्यक्ष, समाजसेवी व पर्यावरण प्रेमी द्वय शैलेश जैन व नरोत्तम शर्मा को उपाध्यक्ष चुना गया। कोरिया साहित्य एवं कला मंच मनेन्द्रगढ़ के अंतिम अध्यक्ष रितेश श्रीवास्तव के निवास पर आयोजित कार्यक्रम नाम परिवर्तन व नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।

नवीन कार्यकारिणी में साहित्यकार अनामिका चक्रवर्ती को कोषाध्यक्ष, सुषमा श्रीवास्तव को सह कोषाध्यक्ष, मंच संचालन में विख्यात वीरांगना श्रीवास्तव को सचिव एवं कुमारी इशिता सिंह को सह सचिव चुना गया। वहीं क्षेत्र के प्रसिद्ध व्यंग्यकार, कार्टूनिस्ट जगदीश पाठक एवं गंगा प्रसाद मिश्र को संस्था संरक्षक चुना गया। इस अवसर पर नवीन कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष शैलेश जैन ने कहा कि आगामी बैठक में सभी सदस्य अपने साथ पुस्तकें लेकर आएं और बैठक में पुस्तकों की अदला-बदली करें, जिससे सभी को नई किताबें पढ़ने का अवसर मिलेगा। अनामिका चक्रवर्ती ने कहा कि जल्द ही संस्था का पंजीकरण कराया जाएगा और वार्षिक कार्यक्रम में साहित्य एवं कला के क्षेत्र में पुरुस्कार दिए जाएंगे। अध्यक्ष मृत्युंजय सोनी ने कहा कि मासिक किसी सदस्य के घर में ही होगी, जिसे हर बैठक में तय किया जाएगा, इससे संस्था सदस्य आपस में पारिवारिक रुप से जुड़ाव महसूस करेंगे। बैठक में तय किया गया कि सभी सदस्यों से वार्षिक शुल्क लिया जाएगा। बैठक के अंत में काव्य गोष्ठी भी हुई। इस अवसर पर अनामिका चक्रवर्ती, मृत्युंजय सोनी, रितेश श्रीवास्तव, वीरांगना श्रीवास्तव, जगदीश पाठक, नरोत्तम शर्मा, शैलेश जैन, कुमारी इशिता सिंह, उज्जवल सिंह, सुषमा श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, गरिमा श्रीवास्तव, शान्वी श्रीवास्तव, आरके श्रीवास्तव उपस्थित रहे।



गठित कार्यकारिणी

### खान बचाव केन्द्र से वाहन चालक हुए सेवानिवृत्त



**मनेन्द्रगढ़।** एसईसीएल खान बचाव केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में वाहन चालक के रूप में कार्यरत शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय को सेवानिवृत्ति के अवसर पर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि शैलेन्द्र कुमार ने अपने सेवाकाल का 40 वां और अंतिम कार्यकाल खान बचाव केन्द्र मनेन्द्रगढ़ से पूरा किया, इसके पहले वे लगभग 36 वर्ष तक एसईसीएल राजनगर ओपन कास्ट खदान में कार्यरत रहे। सेवानिवृत्ति के अवसर पर शैलेन्द्र कुमार पाण्डेय को फूल-माला, तिलक, शाल-श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। खान बचाव केन्द्र मनेन्द्रगढ़ के महाप्रबंधक मनोज विश्नोई ने एक लंबे सेवाकाल को बेदाग पूरा करने पर शैलेन्द्र कुमार को बधाई दी। उन्होंने शैलेन्द्र कुमार के मृदु व्यवहार को प्रेरणादायक बताया। यह पूरा सम्मान समारोह खान बचाव केन्द्र मनेन्द्रगढ़ स्थित व्याख्यान कक्ष में धूमधाम से संपन्न हुआ। इसमें शैलेन्द्र कुमार के परिवार समेत खान बचाव केन्द्र मनेन्द्रगढ़ के सभी अधिकारी -कर्मचारी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम का संचालन वीडी गर्ग द्वारा किया गया।

### सेवानिवृत्ति पर शकुंती देवी का किया गया सम्मान



**बैकुण्ठपुर।** सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय अंतर्गत कार्यरत भृत्य श्रीमती शकुंती देवी 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो गई। सेवानिवृत्त होने पर सहायक आयुक्त उषा लकड़ा द्वारा साल व श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। सेवानिवृत्ति कर्मचारी की पदस्थापना प्री-मैट्रिक कन्या छात्रावास बैकुंठपुर में थी, जहां कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए सहायक आयुक्त ने कहा कि सभी शासकीय कर्मचारी का एक नियत समय में सेवानिवृत्ति होना है, सेवानिवृत्त कर्मचारी को उसके कार्यों से ही याद किया जाता है। तत्पश्चात सेवानिवृत्त कर्मचारी का छात्रावास के सभी कर्मचारियों द्वारा सम्मानित किया गया एवं भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर छात्रावास की अधीक्षिका श्रीमती दीपावली राजवाड़े, रश्मि जायसवाल, दीपक पाटले, छात्रावास के अन्य कर्मचारी, बच्चे एवं सेवानिवृत्त कर्मी के पुत्र शैलेश खाखा, कमलेश खाखा सपरिवार उपस्थित रहे।

# स्वाइन फीवर नियंत्रण के लिए टीकाकरण अभियान 30 तक



**बैकुण्ठपुर।** जिले के समस्त सूकर पालकों को होने वाले पशुधन की क्षति के बचाव के लिए पशुधन विकास विभाग द्वारा क्लासिकल स्वाईन फिवर नियंत्रण कार्यक्रम का आयोजन 15 मार्च से 30 अप्रैल तक कर दिया गया है, जिसके तहत सूकर पालकों से आग्रह किया जाता है कि वे अपने सूकरों में अधिक से अधिक संख्या में स्वाइन फीवर का टीकाकरण एवं टैगिंग का कार्य शत-प्रतिशत कराएं एवं टीकाकरण में सावधानी बरतें। विदित हो कि टीकाकरण के पूर्व कृमिनाशक दवापन कराना आवश्यक है, 3 माह के उपर के सूकरों को टीकाकरण अवश्य कराएं साथ ही बीमार या पूर्व से ग्रसित बीमार सूकरों को टीका न लगवाएं। गर्भावस्था के अंतिम चरण यानी आखिर 40 दिनों के दौरान में मादा सूकरों का टीकाकरण न करवाएं तथा कुपोषित, त्वचा रोग से ग्रसित और परजीवी से ग्रसित सूकरों का टीकाकरण न करवाए। उक्त जानकारी पशु चिकित्सा सेवाएं के उप संचालक ने दी है।

न्यूरो ओ.पी.डी. प्रतिमाह दूसरे शनिवार
सिर एवं रीढ़ की हड्डी की चोटें, ब्रेन ट्यूमर एवं कैंसर, ब्रेन हेमरेज, डिस्क प्रोलेप्स, ब्रेन हिमेटोमा एक्सीडेंट, ट्रामा एवं सिर की चोटों का उपचार एवं परामर्श
डॉ. हर्षित मिश्रा
MBBS, MS, M.Ch. (Neuro Surgery) (AIIMS DELHI)
कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन
WE CARE SUPERSPECIALITY HOSPITAL RAIPUR
शनिवार, 13 अप्रैल, 2024 को परामर्श के लिए उपलब्ध रहेंगे।
समय: शाम 05.00 बजे से
अग्रिम पंजीयन आवश्यक
स्थान: बड़ेरिया डायग्नोस्टिक, बाजारपारा, बैकुण्ठपुर मो. 9425255110, 9425269110

## पेज 1 का शेष

### हिन्द विद्यालय का ...

हिन्द विद्यालय के प्राचार्य शशिभूषण राय ने बताया कि इस स्कूल में नर्सरी से बारहवीं तक के बच्चों के लिए शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों के अच्छी पढ़ाई और अच्छी व्यवस्था के साथ खेल कुद, कम्प्यूटर एवं की अन्य व्यवस्थाओं का प्रबंध किया गया है, जिससे किसी भी तरह बच्चों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। ऐसे कई बच्चे हैं जोकि यहां से शिक्षा प्राप्त कर छग बड़े शहरों के कॉलेज में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

### विश्व क्षय दिवस ...

एनटीईपी संतोष सिंह के द्वारा 2023 की उपलब्धि की जानकारी दी गई। इसमें जिले में 10222 खखार जांच किया गया। 369 टीबी मरीज मिले व 5 रेसिस्टेंट (एमडीआर टीबी)मरीज मिले ,जिनका सफल उपचार किया जा रहा है। जिले में वर्तमान में 259 टीबी मरीज उपचार ले रहे हैं। भारत को 2025 तक टीबी मुक्त करने को सफल बनाने के लिए सभी एकजुट होकर सहयोग करने की अपील की गई।

### मांगों को लेकर ...

कारण बगल में बने गौठान के अलावा आस-पास के गांव के गौवंश कचरा खाकर रोज बीमार हो रहे हैं, इससे कई बार गौ वंशों की मौत भी हो जाती है। वहीं कचरों के ढेर से प्लास्टिक कचरा उड़कर पास के गेज नदी में भी मिल रही है, जिससे कि गेज नदी प्रदूषित हो रही है। गौरक्षा वाहिनी के जिलाध्यक्ष ने कलेक्टर से मुलाकात कर समस्याएं बताई। इस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अब कचरा डंपिंग सेंटर में जिला अस्पताल का मेडिकल वेस्ट नहीं डाला जाएगा। यदि दोबारा डंपिंग सेंटर में अस्पताल का कचरा डाला तो संबंधित ठेकेदार का लाईसेंस निरस्त कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। श्री दुबे ने कलेक्टर से डीएमएफ की राशि से तार घेराव की मांग की है।

### दुष्कर्म पीड़िता को ...

इस दौरान हुई झुमा-झटकी में युवती 11 हजार वोल्ट के करंट के तार की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से झुलस गई। गंभीर हालत में जिला अस्पताल बैकुंठपुर में भर्ती दुष्कर्म पीड़िति युवती के परिजनों ने खुद ही उसकी छुट्टी करा उसे घर ले गए। घर में उसकी सही देखभाल न हो पाने के कारण वह सेप्टीसिमिया जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित हो गई। युवती की हालत दिन ब दिन बिगड़ती चली गई।स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल 1 अप्रैल को अचानक दुष्कर्म पीड़ित युवती का हाल-चाल जानने खुद अस्पताल पहुंचे। उन्होंने युवती के परिजन से मुलाकात कर हाल चाल पूछा। साथ ही दुष्कर्म पीड़ित युवती से मिलने आईसीयू तक गए। वहां उन्होंने युवती से बातचीत कर उसे ढ़ांढस बंधाया। पीड़ित युवती की हालत में बहुत सुधार आ चुका है, उसका हिमोग्लोबिन 10 ग्राम हो गया है और वह अब बातचीत भी करने लगी है। निजी अस्पताल के डॉक्टर के अनुसार अभी युवती को लगभग एक माह और भर्ती रहना पड़ेगा।

### सेवानिवृत्त तिथि के...

श्रीमती रेणु मल्होत्रा 16 अक्टूबर 1986 से सहायक शिक्षक के पद पर विकासखंड लखनपुर में पदस्थ थी और 31 मार्च 2024 को विकासखंड खड़गवां के माध्यमिक शाला छोटेकलुआ में प्रधान पाठक के पद पर कार्य करते हुए 37 वर्ष 5 माह एवं 16 दिन सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुई। इसी प्रकार श्रीमती प्रसन्न कुमारी केरकेट्टा 27 अगस्त 1983 से सहायक शिक्षक विकासखंड बैकुंठपुर में पदस्थ थी और 31 मार्च 2024 को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गेल्हापानी विकासखंड खड़गवां से 40 वर्ष 7 माह 5 दिन से सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुई। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी अजय कुमार मिश्रा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बलविंदर सिंह, सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे।



By Train- रिजर्वेशन कोच
रामेश्वरम धाम यात्रा
रामेश्वरम धाम (ज्योतिर्लिंग)
तिरूपति बालाजी,
मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी
यात्रा दिनांक
18 जून 2024
25 जून 2024
09 जुलाई 2024
8 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-12,500/-, 3AC-20,500/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : ग्राउण्ड फ्लोर सिटी सेंटर मॉल पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com


चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
By Train-रिजर्वेशन कोच
13 मई से 26 मई 2024, 15 मई से 28 मई 2024
17 मई से 30 मई 2024, 24 मई से 06 जून 2024
29 मई से 11 जून 2024, 01 जून से 14 जून 2024
राशि:-स्लीपर-18500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411